हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 डिप्टी सीएम ने रखी 12.63 करोड़ से बनने वाली सड़क...



10 पानी की बर्बादी और अवैध कब्जा करने वालों पर...





## होलिका दहन सुरक्षित एवं खुले स्थान पर किया जाए, नियमों का पालन करें

### थाना बेरला में शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

आगामी होली पर्व को शांति, सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से थाना बेरला परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम बेरला दीप्ति वर्मा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक डी.एल. सोना, तहसीलदार सरिता मढ़रिया एवं तहसीलदार आशुतोष गुप्ता सहित नगर पंचायत बेरला, कुसमी एवं भिंभौरी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा आसपास के ग्रामों के सरपंच एवं पंच उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने होलिका दहन सुरक्षित एवं खुले स्थान पर करने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया गया कि बिजली के तारों, पैरावट, भूसा या सकरी गलियों के पास होलिका दहन न किया जाए। बीच सड़क पर होली जलाने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है, इसलिए इससे परहेज करने की समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त नागरिकों से मुखौटा न लगाने, कीचड़ या ज्वलनशील तरल पदार्थों का उपयोग न करने, किसी पर जबरन रंग-गुलाल न लगाने, कपड़े न फाड़ने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। शराब पीकर वाहन चलाने और झगड़ा-विवाद से दूर रहने की भी समझाइश दी गई। सोशल मीडिया पर किसी भी धर्म या समाज के विरुद्ध उत्तेजक अथवा अपमानजनक पोस्ट न डालने और ऐसी पोस्ट को फॉरवर्ड न करने के निर्देश भी दिए गए।



#### कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से पर्व के दौरान सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया। बेमेतरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान हुड़दंग या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खबर संक्षेप

#### अछोली में 'जी राम जी' कार्यशाला के तहत तालाब गहरीकरण कार्य शुरू



**बेरला।** ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई पहल करते हुए बेरला ब्लॉक के ग्राम अछोली में 'जी राम जी' कार्यशाला के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में तालाब गहरीकरण का कार्य जोरों पर है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मजदूरों को उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यस्थल पर योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए ग्राम पंचायत के प्रमुख पदाधिकारी और जनसेवक उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि श्रवण कुमार गेंड्रे, भाजयुमो जिला प्रभारी प्रचार-प्रसार लोमेश कुमार सेन, और उपसरपंच पूजा शीतलेश तिवारी शामिल थे। इस दौरान भाजयुमो नेता लोमेश कुमार सेन ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा जी राम जी योजना का उद्देश्य केवल मजदूरी देना मात्र नहीं है, बल्कि गांव को पूरी तरह से रोजगारयुक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। अब हमारे गांव के विकास की रूपरेखा पंचायत भवन के बंद कमरों में नहीं, बल्कि सीधे ग्राम सभा में ग्रामीणों के बीच बनेगी। इस अवसर पर पंच कुमारी साहू, उत्तम निषाद, स्वरसती यादव सहित ग्राम के जागरूक नागरिक जैसे दीनू निषाद, थानेश्वर निषाद, प्रीतम साहू, राजेंद्र निषाद और वीरेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर उपस्थित थे।

#### गांजा बेचने के आरोप में युवती सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि खुर्सीपार थाना अंतर्गत आईटीआई ग्राउंड के पास कुछ लोग गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। उन्होंने वहां घेराबंदी करवाई और बुद्ध विहार कैंप 1 छावनी निवासी अमन सेंडे, प्रशांत कुमार उर्फ शांतु राजपूत, कैंप 1 वैशाली नगर एन. पूजा को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास 7 किलोग्राम गांजा, स्कूटी, मोबाइल है। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। उक्त सामनों की कीमत 3. 75 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### शराब बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को जेवरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम जेवरा शीतला तालाब रोड, आशीष ढाबा के पास अवैध देशी शराब बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर वार्ड 9, ग्राम जेवरा सिरसा निवासी आशीष साहू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने सफेद प्लास्टिक बोरी में 32 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल जब्त किया। आरोपी के पास शराब से जुड़े कोई भी दस्तावेज उसके पास नहीं मिला।

#### धारदार हथियार दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड स्थित देशी शराब दुकान के पास धारदार हथियार लेकर राहगीरों को धमकाने वाला दुर्ग निवासी राहुल जांगड़े को पकड़ा गया। उसके पास से एक स्टील का बटनदार धारदार हथियार जब्त किया गया।

### निरीक्षण : प्रधानमंत्री आवास के कार्यों का सीईओ ने किया निरीक्षण

## प्रत्येक स्वीकृत आवास का कार्य समय-सीमा पर पूर्ण कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ ग्राम देवरबीजा में हितग्राहियों से पद्माकर का हुआ सीधा संवाद

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबीजा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा हितग्राहियों और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, मानक सामग्री के उपयोग एवं निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्वीकृत आवास का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र ही पक्के आवास का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से निर्माण कार्य की प्रगति, भुगतान की स्थिति तथा आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।




#### ग्रामीण योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं

सीइओं ने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और निर्माण कार्य में सक्रिय सहयोग करें, जिससे निर्धारित समय में आवास पूर्ण हो सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला के आवास प्रभारी, ग्राम पंचायत देवरबीजा के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

## नवीन कालेज बेरला की छात्रा हेमा का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 22 से 28 फरवरी तक हरिद्वार में किया जा रहा है। शिविर की थीम "विकसित भारत@2047" एवं "एक भारत श्रेष्ठ भारत" निर्धारित की गई है। शिविर में जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से प्रतिनिधित्व करने शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी हेमा निषाद का चयन हुआ है। उनके चयन से महाविद्यालय एवं जिले में हर्ष का वातावरण है। हेमा निषाद ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे तथा अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से उन्हें अपने महाविद्यालय, जिला और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अपने वरिष्ठों को राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेते देख उनके मन में भी ऐसा अवसर पाने की प्रेरणा जागृत हुई थी। कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले ने हेमा निषाद को बधाई देते हुए कहा कि दो वर्षों के अंतराल के बाद महाविद्यालय को पुनः राष्ट्रीय स्तर के शिविर में विश्वविद्यालय और राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व महाविद्यालय की भूमिका वर्मा ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था तथा अमन कुमार देवांगन ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता की थी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर संस्थान, जिले और राज्य को गौरवान्वित कर ।

## प्राथमिक शाला भेंडरवानी में 15 वर्षों तक सेवा देने वाले शिक्षक अरुण का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी में 15 वर्षों तक उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षक अरुण पटेल के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत "देवा श्री गणेशा" नृत्य से हुआ, जिसने समां बाँध दिया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने "बस्तरहिन – बालिका सशक्तिकरण", "नवदुर्गा", "नाचो-नाचो" तथा "गलती से मिस्टेक" जैसे आकर्षक और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें ग्राम सरपंच प्रतिनिधि रामावतार वर्मा, ग्राम पटेल राकेश वर्मा, बल्लू सिंह वर्मा, विज्जू साहू, मनमोहन साहू, भगवत साहू, धनेश्वर साहू, शिवकुमार साहू, मुरली यादव, पोखन पटेल, मनोज साहू, चम्पेश्वर साहू, हरि साहू, विष्णु साहू, बुधराम साहू, गेंदलाल साहू, पूरण साहू, सियाराम वर्मा, प्रवीण साहू तथा बाला यादव सहित अन्य गणमान्यजन शामिल रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अरुण पटेल की 15 वर्षों की निष्ठावान सेवा, अनुशासनप्रियता एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण के बीच समारोह का सफल समापन हुआ। सम्मान समारोह के अंतर्गत ग्राम पटेल द्वारा अरुण पटेल ⏭ शेष पेज 10 पर

#### 30 सितंबर तक होगा बच्चों का आधार अपडेट

**दुर्ग।** केंद्र सरकार ने सभी बच्चों के आधार कार्ड के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पर जोर दिया है। 5 वर्ष की आयु में पहला और 15 वर्ष की आयु में दूसरा अपडेट करना अनिवार्य है। बच्चों के बायोमीट्रिक डेटा में फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और फोटो शामिल हैं। ईडीएम ने बताया कि इस अपडेट की प्रक्रिया 5 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क रहेगी। अभिभावकों से आग्रह है कि वे समय पर यह अपडेट कराएं, ताकि उनके बच्चों का आधार कार्ड सक्रिय और अपडेटेड रहे। न करने पर बच्चों को स्कूल, परीक्षा और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच में बाधा आ सकती है।

## दिव्यांग और सामान्य बच्चों के लिए वातावरण निर्माण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



विकासखंड बेरला में समावेशी शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालक एवं अभिभावक समुदाय के सदस्यों हेतु विकासखंड स्तरीय गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन विषय पर भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र पटेल एवं संकुल समन्वयक खिलेन्द्र साहू ने समावेशी शिक्षा की आवश्यकता, समाज में दिव्यांग बच्चों के समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा इन चुनौतियों से निपटने में सामान्य बच्चों की सकारात्मक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए मोटिवेशनल वीडियो का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बीआरपी प्रभारी बेरला गंगा प्रसाद द्वारा बच्चों के लिए भोजन, चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई। बीआरसी बेरला के कमलेश निषाद ने आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता की ⏭ शेष पेज 10 पर

### एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस की विजिबल पुलिसिंग तेज, चेकिंग अभियान जारी

## सड़कों पर उतरा पुलिस बल, नशा करने वालों व संदिग्धों पर कसी जा रही नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसडीओपी भूषण एक्का के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सतत विजिबल पुलिसिंग एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी है,जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हो रहा है । थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, सउनि भानुप्रताप पटेल, छन्नूलाल ध्रुव, उदलराम टांडेकर, जितेन्द्र कश्यप सहित पेट्रोलिंग स्टाफ एवं अन्य पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में वाहन पेट्रोलिंग एवं पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा होटल, ढाबों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों तथा सुनसान इलाकों में विशेष चेकिंग की जा रही है। इस दौरान जमावड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध वाहनों की डिक्की की तलाशी ली जा रही है तथा रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वालों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने, पार्क, मैदान, चौक-चौराहों एवं चारपहिया वाहनों के भीतर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध भी लगातार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था कायम रखी जा सके।



## स्काउटिंग एवं गाइडिंग से जागृत होती है देशप्रेम, समाजसेवा की भावना : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जिले के 168 सदस्यीय दल ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में सक्रिय सहभागिता दर्ज कर जिले का नाम रोशन किया। यह जंबूरी दुधली बालोद में आयोजित हुई, जहां विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया गया।

जिला दल प्रभारी अनिल वर्मा एवं उर्मिला दिवाकर के सफल नेतृत्व में शामिल स्काउटर, गाइडर, रोवर एवं रेंजरों ने जिला स्तर से लेकर जंबूरी तक विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। उनके योगदान को सम्मानित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जी.आर. चतुर्वेदी ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जी.आर. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रप्रेम और समाज सेवा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में छात्रों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### भाजपा आईटी सेल में प्रमोद सिंह प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने आईटी सेल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।



इस सूची में भिलाई जिले से प्रमोद सिंह को प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद प्रमोद सिंह ने प्रदेश संगठन, जिला संगठन, प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लै और दुर्ग सांसद विजय बघेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन के निर्देशानुसार पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

### अवैध अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर जुर्माना

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने सड़क पर अवैध कब्जा कर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। ज्ञात हो कि सभी जोन कार्यालय क्षेत्र व जीई रोड किनारे लगातार कार्रवाई की जा रही है, फिर भी फल ठेला व अन्य दुकानदारों द्वारा कब्जा, अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हुडको गार्डन के समीप अनेक लघु फुटकर व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-5 राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। फल व्यापारी किशन सोनकर से 500 रुपए और मटका व्यापारी अचिन्ता पाल से 5000 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए स्वयं से अतिक्रमण हटाने कहा गया। इसी प्रकार रेडिमेड कपड़ा, हेल्मेट, नारियल पानी, फूल पौधा व्यवसायी, चाय दुकान और पानी दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण व अवैध कब्जे को अविलंब हटाने कहा गया है।

### वाडाबलिजा तेलुगू महा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू होंगे शामिल



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में 22 फरवरी को वाडाबलिजा तेलुगू महा सम्मेलन आयोजित है। सम्मेलन को लेकर तेलुगू समाज में काफी उत्साह है। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और श्रीकाकुलम संसदीय क्षेत्र का सांसद किंजरापु राममोहन नायडू को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में वाडाबलिजा जातीय संघम भिलाई का प्रतिनिधिमंडल आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम शहर पहुंचा और केंद्रीय मंत्री से उनके निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने उन्हें निमंत्रण सौंपा। इस दौरान मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष रायपुर में आयोजित सम्मेलन में वे शामिल नहीं हो पाए थे, लेकिन इस बार भिलाई आने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में तेलुगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सूराडा चंद्र मोहन, गुल्ला चिन्ना राव, वाडाबलिजा जातीय संघम-भिलाई के चेयरमैन मोरिपल्ली बाबू राव, अध्यक्ष डॉ. एल जगन्नाथ राव, संस्थापक एल रुद्र मूर्ति, कोषाध्यक्ष वासुपल्ली योगी रत्नम, स्टीयरिंग कमेटी भिलाई-चरोदा के को-ऑर्डिनेटर बैपल्ली तुलसी राव, सेक्टर जोन को-ऑर्डिनेटर बैपल्ली रामाराव, पोट्टी शिव कुमार और वाडाबलिजा को-ऑपरेटिव सोसायटी के जिला अध्यक्ष चीगटि श्रीरामुलु शामिल रहे।

### पीएम आवास के लिए लॉटरी 26 को

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम सभागार कक्ष में 26 फरवरी को समय दोपहर 12.30 बजे लॉटरी आयोजित की जाएगी। सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन के लिए हितग्राही से 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लॉटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जायेगा।

# खुश खबरी : मैत्रीबाग जू में जल्द आएगा रॉयल बंगाल टाइगर का जोड़ा

## पर्यटक दो भालुओं का भी कर सकेंगे नजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्लभ व्हाइट टाईगर के लिए देशभर में प्रसिद्ध मैत्रीबाग जू में अब फिर रायल बंगाल टाईगर की दहाड़ सुनाई देगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा चिड़ियाघर में प्रारंभिक तैयारी चल रही है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों की आमद हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सालभर पूर्व प्रबंधन द्वारा अन्य जू से चार नए वन्य प्राणियों को यहां अदला-बदली(एक्सचेंज) किए जाने के लिए सेंट्रल जू अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड से पत्राचार किया गया था। इसमें यहां एक जोड़ा रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाए जाने की अनुमति मांगी गई थी। सेंट्रल जू अथारिटी की दिल्ली में हुई बैठक में जानवरों को लाए जाने की प्रक्रिया को तेज किए जाने अनुमति के संकेत दिए हैं। आधिकारियो के मुताबिक इसके तहत अगामी वित्त वर्ष में मैत्रीबाग में एक पेयर रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाया जाएगा। इसके लिए रायल बंगाल टाईगर के बाड़े को संवारा जा रहा है। नए मेहमानों के आने से मैत्रीबाग की रौनक बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग के प्रभारी व महाप्रबंधक डां. एनके जैन ने बताया कि एक पेयर रायल बंगाल टाईगर व भालू के एक्सचेंज की प्रक्रिया तेज हो गई है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों का आगमन हो जाएगा।



### आधा दर्जन बंगाल टाइगर थे

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पांच साल पूर्व तक आधा दर्जन रायल बंगाल टाईगर हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान वृद्धावस्था के चलते एक एक कर सभी टाईगर चल बसे। पिछले दो साल से रायल बंगाल टाईगर का एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसके चलते पर्यटक न जंगल के राजा का नजारा ले पा रहे हैं और न ही बच्चों के जू एजुकेशन का भी फायदा मिल रहा है। चिड़ियाघर में वर्तमान में छह सफेद बाघ हैं ही हैं। रायल बंगाल टाईगर व भालुओं के आ जाने से मैत्रीबाग का वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ जाएगा। इसके बदले अन्य जू को यहां से कुछ हिरण दिए जाएंगे।

## 9 करोड़ से धमधा रोड से आदित्य नगर, सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका तक नई सड़क

# 60 वार्डों को सड़क के गड्ढों से मिलेगी मुक्ति नालियों का भी होगा निर्माण, 16 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 60 वार्डों को आगामी दिनों में गड्ढों वाली सड़क से मुक्ति मिलेगा। साथ ही नई नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 16 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। एक दिन पहले महापौर अल्का बाघमार ने शहर विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगर निकाय मंत्री अरुण साव के सामने मांग रखी थी, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा पिछले दिनों प्रस्ताव तैयार कर चौड़ी सड़कों की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई थी, उसे भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें करीब 9 करोड़ की लागत से धमधा रोड से आदित्य नगर सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका नई एप्रोच रोड, 9 करोड़ से शहीद चौक से राजेंद्र पार्क सड़क का चौड़ीकरण, 4 करोड़ से साइंस कॉलेज के बगल से केनाल रोड, 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग, 3 करोड़ से कसारीडीह नाला का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि लंबे समय से इन कार्यों को लेकर प्रयास किया जा रहा था। अब जाकर शासन से स्वीकृति मिली है। जल्द ही सारे कामों को शुरू किया जाना है।

### 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग



### गली-मोहल्लों में विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

शहर क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम के 60 वार्डों में अंदरूनी सड़कों, नालियों एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों के लिए 16 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति महापौर अलका बाघमार के लगातार प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से गली-मोहल्लों में जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या के समाधान हेतु की जा रही मांग को अंततः शासन ने हरी झंडी दे दी है। अधोसंरचना मद से प्राप्त 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति पर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है।

### 64 करोड़ के कामों की टेंडर प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा काम

महापौर अलका बाघमार ने जानकारी दी कि इससे पूर्व लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है,जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। महापौर ने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब गली-मोहल्लों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिन क्षेत्रों में सड़कें और नालियां खराब हैं, वहां शीघ्र कार्य प्रारंभ कर नागरिकों को राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि निगम का संकल्प है कि विकास की गति सतत बनी रहे और प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों।

### पोटिया से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों का होगा निर्माण

शहर में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अन्तर्गत 2025-26 के द्वितीय चरण में निकाय क्षेत्रान्तर्गत आवश्यक निम्नलिखित कार्य गुण्डरदेही रोड से गौठान होते हुए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी होते हुए हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। लंबाई 4.50 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा, इस पर करीब 14 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एसटीपी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 3 करोड़ की राशि से किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से लोगों को पोटिया से पुलगांव जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड वाले रास्ते से बालोद रोड तक पहुंचा जा सकेगा।

# पानी की बर्बादी और अवैध कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम रिसाली की महापौर शशी सिन्हा ने वार्ड 33 नेवई का निरीक्षण किया। मॉर्निंग विजिट के दौरान उन्होंने लोगों से समस्या जानी और कई मामलों में निराकरण के लिए मौके पर निर्देश दिए।सफाई व्यवस्था की समीक्षा में उन्होंने पाया कि कई सफाई कर्मचारियों को ग्लव्स उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इस पर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि तुरंत सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाए। जल बर्बादी को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि जिन घरों में अनावश्यक रूप से नल का पानी बहाया जा रहा है, उनकी सूची तैयार कर पहले समझाइश दी जाए उनसके बाद कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्हें एक झुका हुआ बिजली खंभा दीवार से सटा हुआ दिखाई दिया। इससे करंट का खतरा होना देख उन्होंने प्रभावित से आवेदन लेकर मामले को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को भेजकर तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वार्ड में अवैध कब्जों की शिकायतों पर जल्द कार्रवाई करने को कहा।

■ महापौर शशी सिंहा ने किया वार्ड 33 का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, पार्षद राहुल राय, मनीष साहू, उप अभियंता जयंत शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर, जल विद्युत विभाग के अधिकारी गोपाल सिंहा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# 10 साल से नहीं हुआ डामरीकरण गड्ढे वाली सड़कों से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेहरू नगर पूर्व वार्ड 4 की जर्जर सड़कों के डामरीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को नेहरू नगर व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जोन आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। 42 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान व्यापारियों ने नगर सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने 10 वर्षों से डामरीकरण का इंतजार और सबसे ज्यादा टैक्स देने के बाद भी उपेक्षा का आरोप लगाया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष देविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि वार्ड 4 नेहरू नगर पूर्व एक प्रमुख आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्र है, जो नगर निगम को सर्वाधिक राजस्व प्रदान करता है। प्राथमिकता के आधार पर इस क्षेत्र का विकास करना चाहिए। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन एवं सहसचिव हर्ष चंदेल ने कहा कि चूंकि यह क्षेत्र आवासीय और व्यावसायिक दोनों है, इसलिए यहाँ दिन-भर भारी आवागमन रहता है। सदस्य धर्मेश जोशी ने कहा कि क्षेत्र में व्यापार की हालत सुधरने के लिए अच्छी सड़कों का होना अनिवार्य है; धूल और गड्ढों के कारण ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हैं। जोन आयुक्त ने सकारात्मक कार्यवाही कर प्रस्ताव आगे भिजवाने का आश्वासन दिया।

■ व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

# शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का अधूरा निर्माण

## नाली बनाने 20 दिन से खोदे गए गड्ढे से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड 27 शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। नाली निर्माण के लिए करीब 20 दिन पहले गड्ढा खोदा गया था, लेकिन इसके बाद से निर्माण आगे नहीं बढ़ा। वहीं तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क के दोनों किनारे डामरीकरण के बाद बीच में ही छोड़ दिया गया। बता दें कि इस वार्ड में सड़क और नाली निर्माण के लिए करीब 1.19 करोड़ रुपए स्वीकृत मिली है।

■ सड़क और नाली के लिए 1.19 करोड़ स्वीकृत

तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। यहां सड़क के दोनों किनारों पर डामरीकरण किया गया, लेकिन बीच का हिस्सा जस का तस छोड़ दिया गया। नतीजा यह है कि सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है और वाहन चालकों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क का पूरा डामरीकरण कराए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधूरे निर्माण के कारण आवाजाही प्रभावित हो रही है और हादसे का खतरा भी बना हुआ है।



बीएम शाह अस्पताल के पास अधूरा नाली निर्माण

# ग्रामीणों को दी वीबी रामजी योजना की जानकारी, निकाली जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन वीबीजी रामजी के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के आव्हान पर जागरुकता रैली निकाली गई। प्रदेश संयोजक बिजेन्द्र सिंह ने चिखली में श्रमिक जोहार चौपाल के तहत वीबी जी राम जी के कार्य स्थल में जाकर श्रमिकों से मिलकर उनकी समस्या सुनीं। कार्य योजना को संक्षेप में समझाया और कहा कि मनरेगा जो कांग्रेस सरकार की योजना में लाखो लाख का घोटला गढ्ढा खोदने और पटाने के नाम पर किया जाता था, श्रमिको को वेतन नहीं मिलता था, ग्रामो का अधोसंरचना विकास नहीं हो पाता था. अब उसमें बदलाव होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों के विकास एवं उनकी आवश्यकताओं को देखते हुये विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर है। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करने का माध्यम है। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने नागरिकों से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर सरपंच ललिता ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

■ नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने किया आह्वान

## हितग्राहियों को नहीं मिला लाभ, बैंक का नोटिस जाने के बाद हुई जानकारी

# पीएम आवास और पेयजल संकट को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में विभिन्न मांगों को लेकर बजरंग दल ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान दल ने निगम प्रशासन से मांग किया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत यहां के कई हितग्राहियों के नाम से आवास की राशि स्वीकृत कर खाते से निकाला गया। हितग्राहियों को इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है। उत्कर्ष फायनेंस से नोटिस आने के बाद ही हितग्राहियों को जानकारी हुई। इसे लेकर भिलाई तीन पुलिस ने तीन बार निगम को रिमाइंडर पत्र भी भेजा था। लेकिन निगम ने अभी तक कोई भी दस्तावेज उफलब्ध नहीं कराया है। खसरा नंबर 755 में तीन आवास को पास कर उसमें से एक आवास को सरकारी जमीन का हवाला देकर रोक दिया गया। जबकु उसकी स्वीकृति तीनों आवास से पहले ही आई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आरटीआई में मिले दस्तावेज से स्पष्ट हो गया है कि एक ही व्यक्ति को मकान दो बार आबंटित किया गया है। भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के कई वार्डों में पेयजल समस्या बढ़ी हुई है। गर्मी के आते ही यहां पर जल संकट उभर कर आता है। यहां के बोरिंग, मशीन खराब रहता है। उसे बेहतर कर समस्या से पहले अपडेट कर रखा जाए। इसे लेकर जनता निगम पहुंच री है लेकिन उल्टे पांव आना पड़ रहा है। इस दौरान पुष्पराज सिंह, रोहित सिंह, विनोद यादव, अरुण शर्मा, रवि भारती, कुशल तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### नाले पर अवैध निर्माण

प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निगम के कर्मियों द्वारा नाले के ऊपर में अवैध निर्माण कर रखा है। जिसकी शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाई सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है और पद का दुरपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा निगम क्षेत्र में बेखौफ तरीके से अवैध प्लाटिंग का काम चल रहा है। इसे रोका नहीं जा रहा है। पीएम आवास में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सीएम से शिकायत की गई थी। पत्र निगम में पहुंचने के बाद भी कार्यवाई नहीं की गई।

## पेज 9 के शेष...

### प्राथमिक शाला...

को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया। रामावतार वर्मा ने स्मृति-चिन्ह प्रदान किया, यशोदा वर्मा ने पेन एवं डायरी भेंट की तथा एसएमसी अध्यक्ष देवराम वर्मा ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### दिव्यांग और सामान्य...

आवश्यकता होने पर विभाग सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने अभिभावकों को छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा शासन से प्राप्त सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समावेशी शिक्षा से संबंधित गतिविधियों के लिए बीआरसी बेरला से निरंतर जुड़े रहने का संदेश दिया। प्रशिक्षण उपरांत बच्चों के चेहरों पर दिखाई दी खुशी और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों को नई दिशा देने के साथ-साथ उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### स्काउटिंग एवं ...

दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा राजकुमार वर्मा, एमआईएस प्रशासक समग्र शिक्षा खीरामन वर्मा एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट फनेन्द्र लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के व्याख्याता एवं रोवर लीडर डी.आर. साहू ने बताया कि शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित शिक्षकों में उर्मिला दिवाकर, अनिल कुमार वर्मा, गौकरण पाटिल, एलाराम देवांगन, धर्मेंद्र वर्मा, दौलत राम साहू, चंद्रशेखर पटेल, पोखन राम साहू, रविशंकर सोनी, संजय कोसले, रामेश्वर नेताम, पुनीत साहू, राधा वर्मा, लक्ष्मणी साहू, विनीता खलखो, पूर्णिमा साहू, सरिता साहू, पूर्णिमा ठाकुर, टी. मोहिता रेड्डी एवं भावना वैष्णव शामिल हैं।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षाः कबीरधाम में बनाए 5 परीक्षा केंद्र, 2220 परीक्षार्थी होंगे शामिल

- राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी 2026 को, परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2220 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को सभी वयवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम,सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है वे अपने नाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने पास केवल निम्न वस्तुएं रख सकेंगे। इनमें लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल, केवल संबंधित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट, मूल पहचान पत्र जैसे-मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अथवा ई-आधार कार्ड, यदि प्रवेश पत्र परीक्षा का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 2 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन, ऐसी विवरणात्मक परीक्षा जिसमें चित्र बनाए जाने की आवश्यकता हो तब इस हेतु आयोग द्वारा एचबी पेंसिल के प्रयोग की अनुमति होगी। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर उनके विरूद्ध अनुचित साधन के प्रयोग का प्रकरण बनाया जा सकेगा। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल, स्मार्ट वॉच ) धारण करने की अनुमति नहीं होगी।

अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते है। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्मे, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्में पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी।

ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित जिला कार्यालय के माध्यम से सहलेखक की अनुमति प्राप्त हो, के मामले में संबंधित सहलेखक को भी अभ्यर्थियों हेतु जारी सारे निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।




### परिक्षा में प्रवेश के लिए दिशा निर्देश जारी

अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले सकते है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गा एवं डिजाइनर कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट या अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिए। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म/रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों को छोड़कर अन्य आभूषण/प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी। उक्तानुसार किसी भी आभूषण/प्रतीक के धारण किए जाने की अनुमति गहन जांच के अधीन दी जाएगी। निर्दिष्ट सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपनी स्वयं की जिम्मेदारी एवं व्यवस्था के अनुसार उक्त सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण को परीक्षा केन्द्र के बाहर रखने की व्यवस्था करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गौप्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा 7 से



**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिरनपुर स्थित बावा चौरा में आगामी 7 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले गौप्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा के सफल आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में 18 फरवरी को दण्डिस्वामी ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती महाराज (सलधा, बेमेतरा जिला) द्वारा कथा स्थल का निरीक्षण कर ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान दण्डिस्वामी महाराज ने कथा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, कथा पंडाल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा, स्वच्छता, जल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के धार्मिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं की सहभागिता आवश्यक है। बैठक के दौरान कथा के विभिन्न कार्यक्रमों, धार्मिक अनुष्ठानों, गौप्रतिष्ठा महायज्ञ, भंडारा एवं अन्य आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। दण्डिस्वामी जी ने सभी ग्रामवासियों से सहयोग एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### जिला पंचायत की बैठक 25 फरवरी को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 25 फरवरी को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ विनय पोयाम ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक दोपहर 1.30 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी।

### प्रमुख प्राथमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला में व्याख्याता संजय श्रीवास्तव द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नेवता भोज में खीर, पूड़ी, दाल, चावल, छोले एवं सब्जी जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई। सभी ने मिलकर आत्मीय वातावरण में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं पारिवारिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक ने इस अवसर पर सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सद्भाव, सहयोग एवं टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं।

**सौगात:** 13.6 किमी की 3 नई सड़कें बनेगी, गांवों का शहर से संपर्क होगा मजबूत

# डिप्टी सीएम ने रखी 12.63 करोड़ से बनने वाली सड़क की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा क्षेत्र में गांवों को शहर से जोड़ने के लिए 12 करोड़ 63 लाख 55 हजार रुपये की लागत से कुल 13.6 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा और उन्हें शहर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज तीन सड़कों के निर्माण, मजबूती और उन्नयन कार्य का भूमिपूजन कर काम की शुरुआत की। भूमिपूजन किए गए कार्यों में एमएल 01 मेन रोड से बैहरसरी तक 8.80 किलोमीटर सड़क 6 करोड़ 5 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनाई जाएगी। मदनपुर से बटुराकछार तक 1.40 किलोमीटर सड़क 2 करोड़ 69 लाख 81 हजार रुपये में बनेगी। वहीं खड़ौदा से मदनपुर तक 3.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण, मजबूती और उन्नयन 3 करोड़ 87 लाख 87 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और लोगों की आवाजाही पहले से अधिक सुगम हो जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने ग्राम बैहरसरी में 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गांव का विकास किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें अच्छी सड़कों के माध्यम से शहरों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क बनने से लोगों का आना-जाना आसान होगा और किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों तथा आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। अच्छी सड़क होने से किसान अपनी फसल आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे, खर्च कम होगा और समय की बचत होगी। साथ ही बच्चों को स्कूल-कॉलेज जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी सुविधा मिलेगी। इससे पूरे क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विकसित भारत जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पहले के 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि निर्धारित समय में काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो संबंधित परिवार को बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास की प्राथमिकताएं अब ग्राम पंचायत स्वयं तय करेगी, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्य किए जा सकेंगे। इस योजना के माध्यम से जल संरक्षण, तालाब निर्माण, नाली-सड़क जैसी मूलभूत ग्रामीण अधोसंरचना, भूमि सुधार, पौधारोपण तथा अन्य विकास कार्य मनरेगा के तहत व्यापक रूप से कराए जा सकेंगे।

### डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी



लोगों को जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नई सरकार बनने के बाद गांव में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, जिससे पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवास प्लस 2024 सर्वे के माध्यम से ऐसे परिवारों की पहचान की गई है जो वास्तव में आवास के पात्र हैं। सर्वे सूची को ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाएगा और ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद सभी पात्र हितग्राहियों को क्रमवार आवास प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में न रहे और सभी को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध हो। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत विदेशी राम धुर्वे, विजय पटेल, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 22 पौवा देशी शराब जब्त एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 22 नग देशी पौवा तथा अवैध ढंग से शराब बिक्री कर प्राप्त 200 रूपए की रकम जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी लोहारा को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि मुन्ना कबाड़ी की दुकान के पीछे ग्राम सिल्हाटी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर आरोपी गौकरण मिर्जा (सतनामी) पिता फिरन सतनामी उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 सतनामी पारा स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 200 रुपए बिक्री रकम जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना स. लोहारा में धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई संदीप चौबे, प्रधान आरक्षक अश्वनी पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक राजू सोनवानी का सराहनीय सहयोग रहा।

## पांडातराई के लवकेश ने अर्जित की पीएचडी उपाधि




**पाण्डातराई।** नगर निवासी लवकेश कुमार पाण्डेय ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा (छत्तीसगढ़) से पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। उनका शोध विषय था 'कपिलनाथ कश्यप के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन जिसका निर्देशन विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंजू भट्ट ने किया। अपने शोध में लवकेश कुमार पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ के प्रख्यात साहित्यकार कपिलनाथ कश्यप के साहित्य में निहित सांस्कृतिक चेतना, लोकपरंपराएँ, सामाजिक संरचना, धार्मिक आस्थाएँ और क्षेत्रीय अस्मिता का गहन एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने शोध के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि श्री कश्यप का साहित्य केवल धार्मिक आख्यानों का पुनर्पाठ नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोकजीवन का सशक्त दस्तावेज है। श्री राम कथा, श्री कृष्ण कथा और महाभारत कथा जैसी कृतियों के माध्यम से कश्यप जी ने क्षेत्रीय भाषा को साहित्यिक प्रतिष्ठा प्रदान की। इस तथ्य को शोध में प्रमाण सहित स्थापित किया गया है। लवकेश कुमार पाण्डेय साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता करते हुए अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए हैं। उनके द्वारा 'महाप्राण निराला' तथा श्यामलाल चतुर्वेदी पर समीक्षात्मक दृष्टि' नामक पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं। अपनी इस उपलब्धि को उन्होंने अपने माता-पिताजी एवं बड़े पिताजी पंडित अशोक पाण्डेय के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया।

## वीबी जी राम जी योजना से लाखों मजदूरों को मिलेगा लाभ, विपक्ष फैला रहा भ्रमः राजेंद्र चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में बुधवार को सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम उड़िया में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया गया। साथ ही कार्य में लगे सैकड़ो मजदूरों से भेंट मुलाकात कर चौपाल लगाई गई। चौपाल में भाजपा जिला अध्यक्ष ने मनरेगा की जगह नए प्रस्तावित वीबी जी राम जी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसके फायदे के बारे में भी मजदूरों को बताया द्य श्री चंद्रवंशी ने कहा वीबी जी रामजी योजना से मजदूरों को शत प्रतिशत लाभ होगा। विपक्ष भ्रम फैलाकर मजदूरों को भ्रमित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत रोजगार को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही योजना की राशि में भी वृद्धि की गई है जिसका सीधा लाभ मजदूरों को होगा। उन्होंने बताया यह कानून पीएम नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टि को दर्शाता है जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में यह कानून सहायक होगा। चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित कवर्धा के पूर्व विधायक व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि वीबी जी रामजी योजना का उद्देश्य केवल मजदूरी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों को रोजगार देना और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा अब विकास की योजनाएं पंचायत भवन तक सीमित न रहकर सीधे ग्राम सभा के माध्यम से तय होंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। तालाब गहरीकरण कार्य से जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में किसानों को इसका लाभ मिलेगा। वीबी जी राम जी चौपाल कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, महामंत्री दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाला राम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज वैष्णव आदि उपस्थित थे।



## बैरख हाई स्कूल में विदाई समारोह का भव्य आयोजन



**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख के सभागार में आज कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव के तरह मान कर खुशी के साथ दिलाने कहा एवं सभी बच्चों को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में अध्यापन के अनुभव साझा किया। कहा नवमी के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर को कंपास, पेन भेंट किए एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू नागवंशी को प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम को जनपद सदस्य सरला श्याम मसराम, सरपंच सुधारी मसराम, व्याख्याता संजय कुमार जायसवाल, प्रेमलता ठाकुर, प्रधान पाठक आरती झारिया प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू,चमेश रावटे, केशव प्रसाद भारद्वाज, चैन सिंह धुर्वे एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व व विकास कार्यों पर जताया विश्वास**

# सरपंच सुरेश कौशिक सहित ग्रामीण भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच सुरेश कौशिक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का परित्याग कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभी ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व, सुशासन और क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश कौशिक सरपंच, संतोष पटेल, योगेश धुर्वे, दुकेश्वर, लाला राम, मोहन, रामायण, छिन्नु, हेमराज, दुखुराम, रामकुमार, अश्वनी, रमेश, मनोहर, रामवतार, आशकरण, कैलाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा शामिल रहे। इस अवसर पर सरपंच सुरेश कौशिक ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर हम सभी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। हमें विश्वास है कि भाजपा के साथ जुड़कर हम अपने ग्राम और क्षेत्र के विकास में और अधिक योगदान दे सकेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनहितकारी नीतियों, सुशासन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। ग्राम बम्हनी में सैकड़ों लोगों का भाजपा में प्रवेश संगठन की बढ़ती ताकत और जनसमर्थन को दर्शाता है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए क्षेत्र में विकास की गति को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



## तेंदूपत्ता शाखकर्तन संबंधी दिया गया प्रशिक्षण

**कवर्धा।** जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत आने वाले समस्त फड़ प्रभारी, फड़मुंशी, प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को 19 फरवरी को एक दिवसीय शाखकर्तन संबंधी प्रशिक्षण काष्ठागार डिपो कवर्धा में प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती एम. मर्सीबेला, मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग, दुखीराम धुर्वे, अध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, भागवत साहू, उपाध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, निखिल अग्रवाल, प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा, श्रीमती अनिता साहू, उप प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा एवं डॉ. सीपी रहांगडाले, वैज्ञानिक फारेस्ट्री, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धाकी उपस्थिति में संपन्न हुआ। तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 में तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा तथा शाखकर्तन कार्य दर 70 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित है। जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत कुल 19 समितियां, 24 लॉट एवं 269 फड़ संचालित है। प्रशिक्षण में शाख कर्तन (बूटा कटाई) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें शाख कर्तन (बूटा कटाई) क्यों करे, कब करें, कहां करें, कैसे करें, निरीक्षण, भुगतान एवं महत्वपूर्ण सावधानियां के बारे में पावरप्वाईंट प्रजेंटेश के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण किसानों का किया गया सम्मान

**कवर्धा।** गुड़ उद्योग संचालक विष्णु चंद्रवंशी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को अंतिम दिवस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानो को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गय। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्र के ग्रामीण किसान गण उपस्थित थें।

### डड़सेना कलार समाज की परिचर्चा बैठक एक मार्च को आयोजित

**कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की बैठक 1 मार्च को होगी। राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल के निर्देशानुसार बुलाई गई है। बैठक में आगामी सामाजिक निर्वाचन के संबंध में जिलाध्यक्ष द्वारा पदाधिकारियों से विचार व मार्गदर्शन आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही वार्षिक सम्मेलन 2025 की समीक्षा भी की जाएगी। अन्य विषयों पर चर्चा जिलाध्यक्ष की अनुमति से होगी। समाज के सभी जिला पदाधिकारी, चारों परिक्षेत्र के पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

### एमए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद्र विवि ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 का परिणाम जारी किया गया। जिसमें परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा।

### नेशनल हाईवे किनारे स्थित सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा



**बरबसपुर।** कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग किनारे स्थित ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला चौक में कई दर्जनों सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। यहां बताना लाजिमी होगा कि देखरेख के अभाव में जो पेड पूरी तरह सूख गए हैं, पेड़ में एक भी पत्ते दिखाई नहीं दे रही है, वहीं वर्तमान में सड़क किनारे ठूठ जैसे दिखाई दे रहा है। जिससे अब राहगीरो के लिए काल बनकर खड़ा हुआ है, ग्रामीणों ने बताया कि सुखे पेड कभी सड़क के बीचों बीच गिर सकते हैं वहीं ग्रामीणों व राहगीरों के लिए छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईव में 24 घंटे तेज रफ्तार वाहनों का आवाजाही लगा रहता है। जिसमें दो पहिया, चार पहिया, भारी वाहन तथा सवारी वाहन दौड़ते हैं, यदि सूखा पेड़ की डालियां अचानक किसी के ऊपर गिरता हैं तो निश्चित बड़ी हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सूखा पेड़ को हटावाए जाने की अपील की गई ताकि छोटी-बड़ी हादसा-दुर्घटना से बचा जा सकें।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में आयोजित भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम इस बार केवल रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल युग में सकारात्मक संदेशों के प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे स्थानीय डिजिटल क्रिएटर्स के सम्मान का साक्षी भी बना। कार्यक्रम के दौरान शहर के सक्रिय सोशल मीडिया क्रिएटर्स को मंच पर आमंत्रित कर पदक एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों, शहरवासियों और दर्शकों ने सम्मानित क्रिएटर्स का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। फ्लावर शो टीम की ओर से भाग्यश्री पोल, रश्मि ताम्रकार, सुशील शर्मा, मनीष पटेल एवं रानी रवानी ने सभी सहयोगियों, प्रायोजकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और सकारात्मक आयोजनों के माध्यम से शहर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता रहेगा।कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि पारंपरिक आयोजनों के साथ डिजिटल युग की सहभागिता से शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नई पहचान और व्यापक पहुंच मिल सकती है। बफ्लावर शो न केवल सौंदर्य और सृजन का उत्सव रहा, बल्कि डिजिटल प्रतिभाओं के सम्मान का भी प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

### डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान



#### युवराज पटेल, शिवराज यदु सहित प्रमुख क्रिएटर्स हुए सम्मानित

फ्लावर शो टीम द्वारा जिन डिजिटल क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया, उनमें युवराज पटेल (बी एम टी सिटी), शिवराज यदु (बेमेतरा टैलेंट ), टिकेश बाल्मिक (बेमेतरा रील), शुभम पांडेय (मोर बेमेतरा ), वैभव सोनी (अपना बेमेतरा ) तथा आदि गुप्ता (बेमेतरा इन ) प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी ने डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता और शहर की सकारात्मक छवि को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद गोस्वामी के हाथों संपन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में डिजिटल प्लेटफॉर्म समाज को जोड़ने, जागरूकता फैलाने और सकारात्मक पहल को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने युवा क्रिएटर्स की सराहना करते हुए कहा कि यदि सोशल मीडिया का उपयोग रचनात्मक और सामाजिक सरोकारों के लिए किया जाए तो यह समाज परिवर्तन का प्रभावी उपकरण बन सकता है।

## सम्मेलन : पीजी कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में सांस्कृतिक रंगों की छटा

# जिले के पीजी कॉलेज में होगा आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण : दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा में गुरुवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप राजेंद्र शर्मा, योगेश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आदिवासी, छत्तीसगढ़ी, हिंदी एवं साउथ इंडियन, रीमिक्स, कवि संवाद,सहित विभिन्न सांस्कृतिक गीतों एवं नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम किसी भी महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय होते हैं। उन्होंने कहा की हमारे छात्र जीवन में भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते थे, लेकिन आज जिस भव्यता और उत्साह के साथ यह आयोजन हुआ है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह अवसर बार-बार नहीं मिलता, इसलिए विद्यार्थियों को ऐसे मंचों का पूरा लाभ उठाना चाहिए।" उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें तथा अपने महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन करें। विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही एक विशाल ऑडिटोरियम का निर्माण हो जायेगा कहा जिससे भविष्य में और भी बड़े एवं व्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा की महाविद्यालय परिसर मे सर्व सुविधा युक्त भव्य नालंदा लाइब्रेरी की निर्माण हो रहा है जो जिले के युवाओ को उनके प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने मे लाभकारी सिद्ध होंगी।

### 45 हजार रुपए की अलग -अलग नृत्य समूहों को प्रोत्साहन राशि की घोषणा



**प्रोत्साहन राशि का ऐलान** कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री साहू ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रोत्साहन के लिए कुल 45 हजार रुपये की जनसंपर्क राशि देने की घोषणा की, जिसमें राजू बेमेतरिहा प्रस्तुति के लिए 10,000 रुपये, साउथ इंडियन डांस प्रस्तुति के लिए 10,000 रुपये, रिमिक्स सांग प्रस्तुति के लिए 10,000 रुपये सुवा नृत्य प्रस्तुति के लिए 15,000 रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और उत्साह ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ. वीणा त्रिपाठी, डॉ. डी आर साहू फिरोज खान,डॉक्टर डीडी द्विवेदी, संध्या बघेल, डॉ. डोसन साहू, बी आर साहू, श्वेता साहू, जितेंद्र बारले, चंदन गुप्ता, डीपी जंगल क्रीड़ा अधिकारी ज्योति गेंन्द्रे ग्रंथपाल सहित महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के लिए वीबी जी राम जी योजना जरूरी : राजपूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भारतीय जनता पार्टी के बेरला मंडल की बैठक में केंद्रीय बजट एवं विकसित भारत–जी राम जी योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि संगठन की शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और झूठ को दूर करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा और योजनाओं की वास्तविक जानकारी देनी होगी। उन्होंने बताया कि वीबी जी राम जी योजना वर्ष 2025 से लागू की जाने वाली ग्रामीण विकास और रोजगार की नई पहल है, जिसे मनरेगा का उन्नत स्वरूप बताया जा रहा है। इसके तहत 100 दिनों की जगह 125 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार, साप्ताहिक भुगतान तथा स्थायी संपत्ति निर्माण का प्रावधान किया गया है। यह योजना तकनीक और पारदर्शिता पर आधारित है तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरा, विधायक प्रतिनिधि माहेश्वरी, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशीष सोनी, मंडल महामंत्री नारायण पटेल, थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष यतीश द्विवेदी, विमला कुर्रे, कन्हैया वर्मा, मंत्री सीमा वर्मा, कन्हैया सेन, मीडिया प्रभारी कमल साहू, बलराम सिवारे, सोशल मीडिया प्रभारी लक्की ओग्रे, कार्यालय प्रभारी बलराम यादव, रमेश सिन्हा, किशन साहू, मनोज मनहर, किशुन साहू, उर्केद्र साहू, होलु साहू, नैनदास कुर्रे, जगदीश कुर्रे, सरजू साहू, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 125 दिनों का काम उपलब्ध कराया जाएगा

बैठक में संजीव तिवारी ने केंद्रीय बजट की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में महिला, युवा, किसान और मध्यम वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक जिले में बेटियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था, राज्यों में रेल, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। मंडल प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया ने कहा कि पहले जहां ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का रोजगार मिलता था, अब उन्हें सालाना 125 दिनों का काम उपलब्ध कराया जाएगा। मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को और सुदृढ़ करते हुए 15 दिन के स्थान पर साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि केवल गड्ढे खोदने के बजाय अब जल संरक्षण, सिंचाई की स्थायी व्यवस्था और पक्की सड़कों जैसे स्थायी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पूर्व विधायक की चेतावनी के बाद बहाल हुए बोरवेल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेरला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों के खेतों में लगे बोरवेल के विद्युत कनेक्शन काटे जाने से उपजे संकट का आखिरकार समाधान हो गया। जिला प्रशासन द्वारा कनेक्शन पुनः जोड़ दिए जाने के बाद सैकड़ों किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई के बाद प्रस्तावित आंदोलन भी वापस ले लिया गया। जानकारी के अनुसार, बेरला विकासखंड के ग्राम देवरी, बीजाभाट, अमोरा, बावनलाख, सरदा, अतरघढ़ी, जौग एवं आन्दू सहित अन्य गांवों में किसानों के बोरवेल कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा काट दिए गए थे। इससे रबी फसल की सिंचाई प्रभावित होने लगी और किसानों के सामने गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो गई। परेशान किसानों ने सामूहिक रूप से पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा से भेंट कर अपनी समस्या रखी और शीघ्र निराकरण की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए आशीष छाबड़ा ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि दो दिवस के भीतर किसानों के बोरवेल कनेक्शन पुनः नहीं जोड़े गए तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने इसे किसानों की आजीविका से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र उनका परिवार है और परिवार के सामने किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे सदैव उसके समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने जिला कलेक्टर द्वारा त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने समस्या की गंभीरता को समझा और बिना विलंब निर्णय लिया, जो सराहनीय है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जेवरी के सरपंच प्रकाश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। किसानों ने एक स्वर में कहा कि उनकी एकजुटता और जनप्रतिनिधि की सक्रियता से ही यह समाधान संभव हो पाया है।

### पहल नहीं होती तो फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ता

पूर्व विधायक की पहल और किसानों की एकजुटता के बाद जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासन ने सहानुभूतिपूर्वक रवैया अपनाते हुए संबंधित गांवों में बोरवेल के विद्युत कनेक्शन पुनः बहाल कर दिए। कनेक्शन जुड़ने से किसानों ने राहत की सांस ली और खेतों में सिंचाई कार्य पुनः प्रारंभ हो सका।कनेक्शन बहाल होने के बाद विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति आभार प्रकट किया। किसानों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में वे ही ऐसे जनप्रतिनिधि रहे जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर किसानों का साथ दिया और प्रशासन तक उनकी आवाज मजबूती से पहुंचाई। किसानों का कहना था कि यदि समय पर पहल नहीं होती तो फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ता।

# रक्तदान शिविर के साथ मनाई गई डॉ. चेतन सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कुर्मी भवन कंतेली में अंचल के प्रख्यात चिकित्सक, पूर्व विधायक एवं कबीरपंथी समाजसेवी डॉ. चेतन सिंह वर्मा की जयंती श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रद्धांजलि सभा से हुआ, जिसमें वक्ताओं ने डॉ. वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें सेवाभावी चिकित्सक, संवेदनशील विधायक और सच्चे कबीरपंथी के रूप में याद किया। वक्ताओं ने कहा कि वे उस दौर के प्रतिनिधि थे जब राजनीति सत्ता का शॉर्टकट नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का संकल्प हुआ करती थी। वक्ताओं ने भावुक शब्दों में कहा कि डॉ. वर्मा केवल विधायक नहीं थे, बल्कि बेमेतरा की जनता के विश्वास का नाम थे। उनका व्यक्तित्व सादगीपूर्ण, व्यवहार आत्मीय और निर्णय सदैव जनहित केंद्रित होते थे। वे मंचों से अधिक जनता के बीच दिखाई देते थे,पहले राजनीति रिश्तों पर चलती थी, आज समीकरणों पर; पहले जनप्रतिनिधि चौपाल में बैठकर निर्णय लेते थे, आज रणनीतियां वार रूम में बनती हैं। पहले वचन ही पहचान था, आज प्रचार पहचान बन गया है इन पंक्तियों के रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाजहित में योगदान देकर डॉक्टर साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डाक्टर प्रवीण वर्मा, रीना मिथिलेश वर्मा, ललित वर्मा, मिथिलेश वर्मा, घासीराम वर्मा, देवदत्त वर्मा, प्रदीप तिवारी सुशील सिंह वर्मा ऋषि वर्मा, प्रहलाद सिंह वर्मा, ढोला सिंह बेरा, लीलाराम वर्मा , सनतधर दिवान, रश्मि मिश्रा, नीतू कोठारी, विजेंद्र वर्मा, महावीर वर्मा, अमित वर्मा, शिव वर्मा, प्रज्वल वर्मा , ढरेंद्र वर्मा, नेमिचंद वर्मा, बिजेंद्र वर्मा , डॉक्टर पोपटानी आदि संख्या में उपस्थित रहे।

# शिक्षा का निजीकरण रुके, बढ़े सरकारी स्कूलों का स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदवा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन बुधवार को भक्ति के रस के साथ-साथ समाज सुधार की एक नई अलख जागी। कथाव्यास आचार्य पंडित देवेन्द्र दुबे ने कृष्ण-सुदामा की अमर मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए आधुनिक भारत की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया। उन्होंने दो टूक कहा कि देश को रेवड़ियों की नहीं, बल्कि समान अवसर की जरूरत है। कृष्ण-सुदामा की मित्रता जब अश्रुओं से धुले पैर कथा के दौरान जब सुदामा और द्वारिकाधीश के मिलन का प्रसंग आया, तो पूरा पंडाल भाव-विभोर हो गया। आचार्य श्री ने बताया कि कैसे सांदीपनि आश्रम में एक राजा का पुत्र कृष्ण और एक निर्धन ब्राह्मण का पुत्र सुदामा एक ही टाट-पट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते थे। उन्होंने मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा की दीन दशा देख प्रभु इतने द्रवित हुए कि बिना परात छुए अपने आंसुओं से ही मित्र के चरण पखार दिए।





### एक डेस्क पर बैठें अफसर और गरीब का बच्चा

भक्ति प्रसंग को वर्तमान व्यवस्था से जोड़ते हुए पंडित दुबे ने 'समान शिक्षा' की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा शिक्षा का निजीकरण रुके। प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती प्रथा समाज में खाई पैदा कर रही है। सरकार को सरकारी स्कूलों का स्तर इतना ऊंचा करना चाहिए कि अधिकारी, नेता और आम नागरिक के बच्चे एक ही डेस्क पर बैठकर पढ़ें। आत्मानंद मॉडल का विस्तार से उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की 'आत्मानंद स्कूल' पहल की सराहना करते हुए इसे और व्यापक बनाने पर जोर दिया ताकि शिक्षा का व्यापार बंद हो सके। स्वास्थ्य सेवाओं पर बड़ा प्रहार करते हुए पंडित जी ने स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों पर प्रहार करते हुए कहा कि आज गरीब और मध्यम वर्ग निजी अस्पतालों के भारी-भरकम बिलों से डरा हुआ है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनता को मुफ्त की साड़ियां या सामान नहीं चाहिए। अगर सरकार केवल समान शिक्षा और सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कर दे, तो समाज खुद-ब-खुद सशक्त हो जाएगा। एम्स जैसी सुविधाएं हर सरकारी अस्पताल में हों ताकि इलाज के लिए किसी को दर-दर न भटकना पड़े। आयोजन समिति मां शारदा मानस मंडली के अध्यक्ष ने बताया कि इस नौ दिवसीय आयोजन का समापन 20 फरवरी को गीता पूर्णाहुति, कपिल तर्पण और भव्य तुलसी वर्षा के साथ होगा। आज के कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी कोदवा सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे।




